मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 155 ■ गुरुवार, 5 सितंबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

'महिलाओं की सुरक्षा इंडस्ट्री का मुद्दा नहीं'

# चुनाव की तैयारी में जुटा प्रशासन

## अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी किरण कुलकर्णी ने की समीक्षा बैठक



### ■ निर्देशों का कड़ाई से पालन हो....

कुलकर्णी ने उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि चुनाव के अनुरूप सभी लोग अपनी तैयारी पूरी कर लें. जिम्मेदारी से काम करें. चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं परिपत्रों का भली-भांति अध्ययन कर लिया जाए तथा निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। विधानसभा चुनाव के कार्य की चुनौतियाँ अधिक होने वाली हैं। अधिक सावधानी से काम करने की जरूरत है. परिस्थिति कुछ भी हो, हमारी तैयारी उत्तम होनी चाहिए। उपलब्ध जनशक्ति का पूर्ण एवं समुचित उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी लोग मिलकर विधानसभा चुनाव का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराएं.

ठाणे. आगामी विधानसभा आम चुनाव-2024 की पृष्ठभूमि में जिला स्तरीय समन्वय अधिकारियों की समीक्षा बैठक बुधवार को समिति कक्ष में राज्य के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी किरण कुलकर्णी और कलेक्टर अशोक शिंगारे की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक की शुरुआत में जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे ने अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी किरण कुलकर्णी का स्वागत किया और विधानसभा चुनाव के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी दी. उन्होंने श्री कुलकर्णी को आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव का कार्य भी ठाणे जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी जिम्मेदारीपूर्वक करेंगे.

इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर मनीषा जाइभाये-धुले, जलजीवन अभियान की अतिरिक्त मिशन निदेशक सुषमा सातपुते, अतिरिक्त कलेक्टर और अनधिकृत निर्माण के मुख्य नियंत्रक संजय जाधव, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावित क्षेत्र (नैना परियोजना) की नवी मुंबई उप कलेक्टर शसुकेशिनी कांबले-पगारे, अतिरिक्त कलेक्टर मुख्य भूमि और भूमि सर्वेक्षण अधिकारी दीपक क्षीरसागर, निवासी उप कलेक्टर संदीप माने, परिवहन अभियंता महेंद्र कुमार मेटकरी, सुनील महाले, जिला आपूर्ति अधिकारी विकास गजरे, भिवंडी मनपा के अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके, नवी मुंबई मनपा के उपायुक्त शरद भगवान पवार , तहसीलदार (सामान्य) संजय भोसले, ठाणे मनपा के परिवहन प्रबंधक और उपायुक्त भालचंद्र बेहेरे, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नरेंद्र भामरे, ठाणे मनपा के मुख्य लेखा और वित्त अधिकारी दिलीप सूर्यवंशी, जिला परिषद के मुख्य लेखा और वित्त अधिकारी वैजनाथ बर्डकर, नवी मुंबई मनपा के मुख्य लेखा और वित्त अधिकारी सत्यवान उबले, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के डिप्टी कलेक्टर विकास पाटिल, ठाणे शहर के संयुक्त जिला रजिस्ट्रार वर्ग -1 और स्टाम्प कलेक्टर नारायण राजपूत, जिला सूचना अधिकारी और मीडिया नोडल अधिकारी मनोज शिवाजी सनप, सहायक आयुक्त समाज कल्याण साधन इंगले, तहसीलदार उमेश पाटिल, जिला उप रजिस्ट्रार किशोर मांडे, जिला परिषद महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय बागुल, कार्यकारी अभियंता सुनील पाटिल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे एवं अन्य सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# विधानसभा चुनाव नवंबर में!

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिया संकेत





मुंबई. महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की घोषणा पर सिर्फ लोगों की ही नहीं बल्कि राजनीतिक लोगों की भी नजर है. भारत के चुनाव आयोग ने हाल ही में हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के लिए विधानसभा कार्यक्रम की घोषणा की, लेकिन महाराष्ट्र के लिए नहीं। लेकिन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य में विधानसभा चुनाव कब होंगे? यह संकेत दिया गया है.

मंगलवार को मुंबई के चांदीवली में परियोजना से प्रभावित झुग्गीवासियों के लिए बनाए गए बिल्डिगों में फ्लैट की चाभी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अपने भाषण के दौरान बयान दिया कि दो महीने बाद नवंबर में विधानसभा चुनाव होंगे. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने चांदीवली निर्वाचन क्षेत्र में मीठी नदी के पास और हवाईअड्डा प्राधिकरण स्थल पर परियोजना से प्रभावित झुग्गीवासियों को चाबियां वितरित करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर मौजूद रहे.

# उल्हासनगर से हिस्ट्रीशीटर आरोपी गिरफ्तार



### ■ कलवा, टिटवाला, मानपाड़ा, पनवेल, कल्याण के 8 आपराधिक मामले सुलझे

ठाणे. कलवा पुलिस स्टेशन की सीमा में सेंधमारी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार पुलिस टीम ने मौके से एक आरोपी को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार कलवा पुलिस इस मामले को सुलझाने में सफल रही. गिरफ्तार आरोपी क्रिस अनिल लोटवानी (19) द्वारा बुधवार दी गई सूचना पर राजवीर संजूसिंह लाहौरी (19) को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके पास से 40 हजार रुपये कीमत की एक गाड़ी और 5,000 रुपये नकद जब्त किये गये.

कलवा पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर, पारसिकनगर, कलवा में रसाईनिधि केमिस्ट का बंद लोहे का शटर 24 अगस्त रात 11:30 बजे और 25 अगस्त सुबह 2:00 बजे के बीच तोड़ा गया. दुकान से 30 हजार रुपए नकद व घड़ी चोरी हो गयी. इस मामले में बुधवार 28 अगस्त को कलवा थाने में केस दर्ज किया गया. इसी अपराध को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर आरोपी क्रिस अनिल लोटवानी को हिरासत में लिया. पूछताछ के दौरान, उसने सहयोगियों राजवीर संजूसिंह लाहौरी और सलमान अहमद तारिक शेख की मदद से अपराध करना कबूल कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपी राजवीर संजूसिंह लाहौरी को उल्हासनगर से गिरफ्तार कर लिया. आगे की पूछताछ में, उन्होंने कलवा, कल्याण, टिटवाला पुलिस स्टेशन, मानपाड़ा पुलिस स्टेशन, महात्माफुले चौक पुलिस स्टेशन, पनवेल सिटी पुलिस स्टेशन, हिललाइन पुलिस स्टेशन आदि पुलिस स्टेशन सीमाओं में अपराध करने की बात कबूल की। गिरफ्तार आरोपियों से 8 वारदातें सुलझीं।

# 14 साल की छात्रा से छेड़छाड़

कल्याण. हाल ही में बदलापुर में स्कूल में नाबालिग लड़कियों से रेप की घटना के बाद अब डोंबिवली में छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। स्कूल से घर जा रही एक 14 वर्षीय लड़की के साथ डोंबिवली स्काईवॉक पर भीड़ में एक 19 वर्षीय युवक ने छेड़छाड़ की। लड़की के चिल्लाने पर आसपास मौजूद यात्रियों ने तुरंत युवक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया. लड़की की शिकायत पर रामनगर थाने में आरोपी राहुल यादव के खिलाफ पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया है. घटना मंगलवार शाम स्कूल की छुट्टी होने के बाद की है. संबंधित पीड़ित लड़की डोंबिवली पूर्व के मनपा स्कूल में पढ़ती है। स्कूल के बाद वह अपनी सहेलियों के साथ घर जाने के लिए रेलवे स्काईवॉक पार कर रही थी। इस दौरान राहुल स्काईवॉक पर इंतजार कर रहा था. उसने पीड़िता का पीछा किया और उसके साथ इस तरह से दुर्व्यवहार किया जिससे महिला को शर्मिंदगी उठानी पड़े। उसके छूते ही लड़की चिल्ला पड़ी। पुल पर मौजूद कुछ जागरूक नागरिकों ने तुरंत लड़के को पकड़ लिया।

# गणेश मंडलों की मनमानी से लोग परेशान

### ■ जुलूस के दौरान लग जाता है भारी ट्रैफिक जाम

### ■ रात के समय जुलूस निकालने का सुझाव



#### नियमावली बनाने की मांग

उल्हासनगर में, गणेश जुलूस के दौरान ट्रैफिक जाम पैदा करने के लिए उल्हासनगर यातायात विभाग द्वारा एक गणेशोत्सव मंडल पर मामला दर्ज किया गया है। कल्याण में सहजानंद चौक, मुरबाड रोड, संतोषमाता रोड, लाल चौकी, परनाका, तिलक चौक, कल्याण पूर्व इलाके के नागरिक जुलूसों के कारण लगने वाले ट्रैफिक जाम से परेशान हैं. पीड़ित नागरिकों की मांग है कि परिवहन विभाग इसके लिए नियमावली बनाये.

उल्हासनगर. उल्हासनगर में, गणेश जुलूस के दौरान ट्रैफिक जाम पैदा करने के लिए उल्हासनगर यातायात विभाग द्वारा एक गणेशोत्सव मंडल पर मामला दर्ज किया गया है। शहर में सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल शाम को गणेश आगमन जुलूस तब निकालते हैं, जब मजदूर वर्ग घर की ओर लौटते हैं. इन जुलूसों के कारण नागरिक सुबह और शाम को जाम में फंस जाते हैं। कई जानकार नागरिकों ने सुझाव दिया है कि गणेशोत्सव मंडलों को अपने सार्वजनिक गणेश रात्रि 11:30 बजे से सुबह 5:00 बजे तक ले जाना चाहिए. इसके बावजूद मंडल जानबूझकर शाम के समय गणपति आगमन जुलूस निकाल रहे हैं, जिससे शहर में अभूतपूर्व ट्रैफिक जाम पैदा हो रहा है। इन जुलूसों का संचालन करते समय पुलिस और यातायात पुलिस को मंडलों द्वारा कोई पूर्व सूचना नहीं दी जाती है। इसके चलते जिस इलाके में जुलूस निकल रहा है, वहां की सड़कें ट्रैफिक जाम में फंस रही हैं. नागरिक सवाल उठा रहे हैं कि शहर में प्रशासन है भी या नहीं. यात्री पूछ रहे हैं कि गणेशोत्सव मंडल के कार्यकर्ताओं को ट्रैफिक रोकने का अधिकार किसने दिया.

## फेरीवाला हटाओ पथक प्रमुख अरुण म्हात्रे निलंबित

कल्याण. कल्याण रेलवे स्टेशन के आसपास फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहने पर केडीएमसी प्रशासन द्वारा फेरीवाला हटाओ पथक प्रमुख निरीक्षक अरुण म्हात्रे के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई हैं,

कल्याण रेलवे स्टेशन, शिवाजी चौक, मोहम्मद अली चौक क्षेत्र में बड़ी संख्या में फेरीवाले सड़कों पर व्यवसाय करते पाए जाने पर सी वार्ड सेक्टर हॉकर टीम के प्रमुख (निरीक्षक) अरुण म्हात्रे को काम न करने और फेरीवालों, रेहड़ी-टपरी वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए मनपा कमिश्नर डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने उन्हें मनपा की सेवा से निलंबित कर दिया है.

# अस्पताल में सुरक्षा गार्डों से भिड़े परिजन

### ■ पुलिस ने लिया हिरासत में



उल्हासनगर. उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती मरीज के रिश्तेदार को मरीज से मिलने नहीं देने से नाराज मरीज के रिश्तेदार ने अस्पताल में हंगामा कर दिया. इस घटना से कुछ देर के लिए अस्पताल में तनाव उत्पन्न हो गया.

अस्पताल में भर्ती एक मरीज से मिलने के लिए उसका रिश्तेदार बार-बार जिद कर रहा था। हालांकि, कोरोना वायरस और अन्य कारणों से मरीजों से मिलने पर रोक लगा दी गई है। समझाने के बाद भी संबंधित रिश्तेदार मानने को तैयार नहीं था. अंततः उसने अस्पताल में अराजकता फैलानी शुरू कर दी और अस्पताल के सुरक्षा गार्डों से भी धक्का-मुक्की की.

इस घटना से अस्पताल के अन्य मरीजों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई। सुरक्षा की दृष्टि से अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और उपद्रव करने वाले रिश्तेदार को हिरासत में ले लिया। फिलहाल इस मामले में आगे की जांच चल रही है और अस्पताल प्रशासन ने सख्त कदम उठाने के संकेत दिए हैं. माना जा रहा है कि अस्पताल में दोबारा ऐसी घटना न हो इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने का फैसला किया है.

# शहर की समस्याओं से आयुक्त को अवगत कराया USA ने



उल्हासनगर। उल्हासनगर महानगरपालिका के नवनियुक्त आयुक्त विकास ढाकणे से मिलने उल्हासनगर शॉपकिपर्स एसोसिएशन USA के अध्यक्ष दीपक छतलानी अपनी टीम से साथ मिलने पहुंचे। श्री छतलानी ने नए आयुक्त का शहर में स्वागत किया और शहर में दुकानदार व व्यापारियों की समस्याओं से आयुक्त को अवगत कराया। श्री छतलानी ने शहर की मुख्य समस्याओं का पत्र भी आयुक्त को दिया जिसमें शहर की प्रमुख समस्या खराब रास्तों की मरम्मत, पार्किंग समस्या, बस सेवा स्टेशन से मुख्य मार्केट तक हो, नेहरू चौक से फाल्वर लाईन व नेहरू चौक से गोल मैदान से चोपड़ा कोर्ट तक नए रोड के निर्माण की मांग की गई। नान हॉकर्स झोन में खड़े होने वाले फेरावालों पर कार्रवाई की मांग और नेहरू चौक परिसर में दुकानदारों को फेरावालों के कारण हो रही परेशानी पर ध्यान देने की मांग की। मुख्य बाजारों में जो शौचालय बनाए गए हैं वो दयनीय अवस्था में है और कुछ जगह बनाने की भी आवश्यकता है इस पर भी मनपा प्रशासन तुरंत ध्यान दें। इसके अलावा दुकानदार व व्यापारियों की कई समस्याओं से USA ने आयुक्त को अवगत कराया। आयुक्त ने आश्वासन देकर जल्द ही इस ओर ध्यान देने की बात कही है।

# पूर्व मनपा आयुक्त अजीज शेख को दी गई विदाई



उल्हासनगर. मनपा के नवनियुक्त आयुक्त विकास ढाकने सहित अधिकारियों और कर्मचारियों ने आयुक्त कार्यालय में तत्कालीन मनपा आयुक्त अजीज शेख को फूलों के गुलदस्ते भेंट कर उनका सत्कार किया. इस मौके पर अधिकारियों ने शेख द्वारा कराये गये विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की.

इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, उपायुक्त सुभाष जाधव, सहायक निदेशक ललित खोब्रागड़े, मुख्य लेखा परीक्षक शरद देशमुख, दीपक धनगर, नगर सचिव प्राजक्ता कुलकर्णी, छाया डांगले उपस्थित थे.

#### शहर को सुंदर बनाने के प्रयास

शेख ने कहा कि उल्हासनगर को सुंदर बनाने के प्रयास किए गए हैं और विभिन्न विकास कार्य अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। पिछले ढाई साल में उल्हासनगर की जनता ने हमें इतना प्यार दिया है, हम उनके आभारी रहेंगे। सेवानिवृत्ति से कुछ दिन पहले उन्हें आईएएस में पदोन्नत किया गया और अगले दो वर्षों तक सेवा करने का अवसर मिला। उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव ने कार्यक्रम का समापन किया.

# अंबरनाथ में नाबालिग लड़की के साथ घिनौनी हरकत

### ■ जावसाई निवासी आरोपी गिरफ्तार

### ■ विनयभंग का मामला दर्ज

उल्हास विकास संवाददाता



अंबरनाथ. अंबरनाथ के जावसाई गांव में एक नाबालिग लड़की के सामने एक युवक ने घिनौनी हरकत को अंजाम दिया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विनयभंग का मामला दर्ज किया है. अंबरनाथ पुलिस ने आरोपी राहुल राधेशाम भारती (28) जावसाई गांव निवासी को गिरफ्तार कर लिया है. ये घटना 3 सितंबर मंगलवार सुबह 9.25 बजे की है.

पुलिस में लड़की के पिता ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उनकी लड़की लक्ष्मी नगर, जावसाई गांव शिवमंदिर के बाजू वाले रास्ते से अपने भाई के लिए डब्बा ले जा रही थी. उसकी दादी के घर के पड़ोस में रहनेवाले आरोपी राहुल राधेशान भारती ने बांधा हुआ टॉवल निकालकर पीड़ित लड़की के सामने नंगा होकर बताया और लड़की को लज्जा निर्माण करके उसका विनयभंग किया. पुलिस ने उस गंदी सोच वाले आरोपी राहुल को गिरफ्तार करके उस पर सन 2012 के बच्चों के लैंगिक अपराध से संरक्षण अधिनियम कलम 12 और भा. न्या. सं. कलम 79 के अनुसार अपराध दर्ज कर लिया है. मामले की अधिक जांच पुलिस उप निरीक्षक आफरीन बागवान कर रही हैं.

# MMR की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने का रोड मैप

### ■ कलेक्टर ने की समीक्षा बैठक

### ■ 12 से 15 सितंबर तक कार्यशाला का आयोजन



ठाणे. मुंबई महानगर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को 2030 तक एक ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने का रोडमैप तैयार किया जा रहा है. इनमें मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में सभी के लिए आवास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हाई-टेक आईटी पार्क, पर्यावरण पूरक विकास, उद्योग 4.0 के अनुरूप सेमी कंडक्टर और सौर सेल विनिर्माण, बंदरगाह विकास का विस्तार आदि शामिल हैं। इसके लिए 12 से 15 सितंबर तक ठाणे जिले में एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा. इसकी तैयारी के लिए आज ठाणे कलेक्टर अशोक शिंगारे की अध्यक्षता में एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

पर्यावरण पूरक विकास अर्थात हरित हाइड्रोजन, अपशिष्ट जल प्रबंधन, सौर ऊर्जा, सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के अधिक से अधिक विकास की नीति तय की जा रही है। इसके लिए मुंबई महानगर क्षेत्र विकास रणनीति विकास 2030 के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की पूर्व तैयारी समीक्षा बैठक यहां समिति कक्ष में आयोजित की गयी.

इस बैठक में महाराष्ट्र इनस्टिट्यूशन फॉर ट्रान्स्फॉर्मेशन (मित्र) संस्था के उपाध्यक्ष सुशिल खोडवेकर, ठाणे झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पराग सोमण, जिल्हा परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, उद्योग विभाग के सहसंचालक विजू शिरसाठ, जिल्हा नियोजन अधिकारी वैभव कुलकर्णी, ठाणे मनपा के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रशांत रोडे समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

इस कार्यशाला के अवसर पर कलेक्टर ने विश्वास व्यक्त किया कि विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों का अनुभव महानगरीय क्षेत्र में विकास रणनीति के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# अंबरनाथ शहर एकदम बकाल अवस्था में

### ■ मूलभूत समस्याओं पर नपा का ध्यान नहीं





अंबरनाथ. अंबरनाथ नपा प्रशासन एवं मुख्याधिकारी, प्रशासक की लापरवाही के कारण शहर एकदम बकाल अवस्था में आ गया है. खराब सड़कें, पोल लाइट बंद, कचरे के ढेर को लेकर शहरवासी बड़े परेशान हैं. आंदोलन करके, मोर्चा निकालकर अथवा निवेदन देकर भी लोगों की मूलभूत समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. उस पर सितम ये कि लोगों को दो-दो दिन तक पीने का पानी नहीं मिल रहा है. लोग हैरान-परेशान होकर सर पटक-पटक कर कह रहे हैं - हे भगवान जाएं, तो कहां जाएं? है कोई सुननेवाला...

नपा प्रशासन के भ्रष्टाचार एवं मूलभूत समस्याओं को लेकर तीन शामियाने बांधकर नपा कार्यालय के समक्ष लोग अनशन पर बैठ गए हैं. शनिवार से गणेशोत्सव शुरू हो रहा है. सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं. रिक्शा यूनियन अध्यक्ष मिलिंद पाटिल द्वारा कई बार नपा को निवेदन देकर सड़कें दुरुस्त करने के लिए निवेदन देने के बाद भी सुनवाई ना होने पर 5 सितंबर गुरुवार को रिक्शा वाले भीख मांगो आंदोलन करके जो भी रकम जमा होगी, उससे सड़कों को दुरुस्त, गड्ढे भरने का निर्णय लिया है. ऐसा हमें मिलिंद पाटिल ने बताया है. जावसाई फुले नगर में रास्ते खराब हैं. इस समस्या को लेकर आज पटेल परायोशा के सैकड़ों निवासी नपा कार्यालय पर मोर्चा लाने वाले हैं. आम आदमी पार्टी ने भी नपा में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर आमरण अनशन जारी रखा है. शहर में जगह-जगह कचरे का ढेर जमा है. शहरवासियों का स्वास्थ्य खतरे में है. इस बरसात में शहर में कई स्ट्रीट लाइट बंद है. मुख्याधिकारी, प्रशासक नपा कार्यालय में आते ही नहीं हैं? लोग हैरान-परेशान हैं.. जाएं तो कहां जाएं...?

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्लास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## कोचिंग केंद्रों में पढ़ाई का दुश्चक्र

नियमित स्कूली शिक्षा व्यवस्था के समांतर चलने वाले कोचिंग केंद्रों में पढ़ाई आज एक ऐसा दुश्चक्र बन गया है कि इसमें कई बार नियम-कायदों का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा जाता। इनमें दाखिला लेकर स्कूली कक्षाओं से आजादी की सुविधा मुहैया कराने वाले स्कूलों की वजह से भी आज समस्या खड़ी हो रही है। इसमें स्कूली शिक्षा व्यवस्था के नियम-कायदे ताक पर रखे जा रहे हैं। गौरतलब है कि इन्हें 'डमी स्कूल' कहा जाता है, जहां विद्यार्थी अपना नामांकन तो करा लेते हैं, मगर वहां कक्षाओं में शामिल होने या हाजिरी लगाने की जरूरत उन्हें नहीं होती। इसमें अनिवार्य उपस्थिति से लेकर अन्य शिक्षण संबंधी प्रमाण-पत्रों की व्यवस्था डमी स्कूल की ओर से करा दी जाती है।

इसी समस्या पर काबू पाने के मकसद से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई ने मंगलवार को राजस्थान और दिल्ली के सत्ताईस 'डमी स्कूलों' का औचक निरीक्षण किया। बोर्ड ने इस मसले पर कहा कि सभी संबद्ध स्कूलों से इसके दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपेक्षा की जाती है और इस निरीक्षण के बाद जिन स्कूलों को नियमों के अनुपालन में लापरवाही बरतने या जानबूझ कर अनदेखी करने के मामले पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

ऐसी शिकायतें पहले भी आई हैं कि अभिभावक अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों से निकाल कर 'डमी स्कूलों' में दाखिला दिलवा देते हैं। दरअसल, अच्छे स्कूलों में छात्रों के लिए अस्सी फीसद हाजिरी का नियम लागू होता है, मगर कोचिंग में पढ़ाई करने वाले छात्र स्कूल नहीं जाना चाहते। वहीं 'डमी स्कूल' में दाखिला लेने के बाद उन्हें स्कूल जाने की जरूरत नहीं पड़ती और वे सिर्फ कोचिंग सेंटर में पढ़ाई करते हैं।

इस तरह बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने की कोशिश में अभिभावक अपने बच्चों को शुरुआती दौर में ही जाने-अनजाने भ्रष्टाचार में शामिल कर देते हैं। इस समस्या पर काबू पाने के लिए कोचिंग कक्षाओं और स्कूल के समय को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, मगर यह समस्या बनी रही। स्कूली पाठ्यक्रम की अनदेखी करके सिर्फ किसी खास प्रतियोगिता परीक्षा के मद्देनजर कोचिंग की पढ़ाई के दूरगामी नतीजों के बारे में अंदाजा लगाया जा सकता है।

# आधी आबादी : लगातार लड़ाई की जरूरत है...

लं प्रतिशोध की कहानियों ने हमेशा फिल्म निर्माताओं और सिनेमा दर्शकों को आकर्षित किया है। लेकिन 17 फरवरी, 2017 में मलयालम अभिनेत्री के साथ जो हुआ, उससे न केवल मलयालम फिल्म उद्योग, बल्कि पूरा देश सदमे में है। हाल ही में उस घटना के संबंध में जब जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट उजागर हुई, तो एक बार फिर यह मामला सुर्खियों में आ गया।

यह सब तब शुरू हुआ, जब अभिनेत्री शूटिंग के बाद घर लौट रही थी। जिस कार में वह यात्रा कर रही थी, उसे रोककर पांच आदमी उसमें सवार हो गए। अगले दो घंटों तक उन्होंने उसका यौन शोषण किया और इस भयावह घटना को रिकॉर्ड किया। उस हमले के बाद वह अभिनेत्री अपने एक सहकर्मी के घर पहुंची, जिसने उसे रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। इस तरह यह सात साल पुरानी कहानी शुरू हुई, जो अब भी सुर्खियों में है और फिल्म जगत की चमक-दमक के पीछे की अनैतिकता को उजागर कर रही है, क्योंकि मलयालम सिनेमा की और भी महिलाओं ने साहस जुटाया और अपने स्तब्ध कर देने वाले कटु अनुभवों के साथ आगे आईं।

यह आंदोलन विकसित और प्रगतिशील माने जाने वाले मलयालम फिल्म उद्योग के बारे में बहुत कुछ बताता है। लेकिन यह मानना भोलापन होगा कि अन्य उद्योगों में ऐसा नहीं होता, जिसमें हॉलीवुड भी शामिल है, जिसे प्रगतिशील मूल्यों वाला फिल्मोद्योग माना जाता है।

हॉलीवुड में मीटू आंदोलन ने इस उद्योग के सबसे कायर और कामुक लोगों में से एक हार्वे वीनस्टीन के नाम को उजागर किया, जो अब



अपने अपराधों के लिए जेल में है। फिर भी दशकों तक वह वैश्विक मनोरंजन उद्योग का चहेता था, उसने ऑस्कर पुरस्कार जीते और खूबसूरत अभिनेत्रियां उसके साथ थीं। यह सब तब हो रहा था, जबकि इस व्यवसाय के अंदरूनी लोग उसकी गतिविधियों और शोषण के बारे में जानते थे।

अक्सर डब्ल्यूसीसी (मलयालम सिनेमा में बहादुर महिलाओं द्वारा स्थापित संगठन) ने बताया है कि कैसे पुरुषों का एक समूह शिकारी की तरह काम करता है और वे एक-दूसरे को बचाते हैं। यह समूह इतना शक्तिशाली है कि जिन महिलाओं ने इस मुद्दे को उठाया है, उन्हें काम करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है और उन्हें मुश्किल से काम मिल रहा है। कल्पना कीजिए कि यह ऐसी स्थिति है, जिसमें कुछ भी छिपा हुआ नहीं है।

वर्ष 2017 में हुए उस क्रूर अपराध की प्रेरणा यह थी कि कथित तौर पर अभिनेत्री सुपरस्टार दिलीप की पूर्व पत्नी की करीबी दोस्त थी, जिसे उसने अपने विवाहेत्तर संबंध के बारे में बताया, जिसके कारण तलाक हो गया। आरोप है कि दिलीप को लगता था कि पूर्व पत्नी से तलाक में इस अभिनेत्री का हाथ है। इसलिए वह गुस्से से आगबबूला हो गया और उसने बदला लेने की ठान ली। यह एक सी ग्रेड फिल्म की पटकथा की तरह लगता है, फर्क सिर्फ इतना है कि हमला वास्तव में हुआ था और चौंकाने वाली यह घटना याद दिलाती है कि फिल्म उद्योग में पुरुष वर्ग न केवल बॉक्स ऑफिस पर, बल्कि फिल्म उद्योग के अंधेरे हिस्से में भी हावी है।

हाल ही में कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन पर एक युवा प्रशंसक, जिसने उसकी प्रेमिका को अश्लील संदेश भेजा था, की हत्या का आरोप लगा और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वह अब जेल में है और हाल ही में कुर्सी पर आराम से बैठकर सिगरेट पीते हुए उसकी तस्वीर सामने आई थी। यह आरोप लगाया गया है कि जिस पिटाई के कारण उस व्यक्ति की मौत हुई, वह दर्शन के आदेश पर उसके 'प्रशंसकों' द्वारा की गई थी। फिर से अधिकार की एक भ्रामक भावना और यह धारणा पसरी कि दुनिया और विशेष रूप से महिलाएं उनके इशारों पर नाचने के लिए उपलब्ध हैं। लेकिन इस तरह के खुलासे हमें कहां ले जाएंगे? बेशक ऐसी घटनाओं की अभी बाढ़ नहीं आई है और ऐसी घटनाएं कभी-कभार ही सामने आती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह शोषण अन्य फिल्म उद्योगों में नहीं होता है, जिसमें सबसे हाई प्रोफाइल बॉलीवुड भी शामिल है। अब तक, यौन शोषण की रिपोर्ट के मामलों को 'गॉसिप' या 'विवादास्पद' महिलाओं द्वारा ध्यान आकर्षित करने का हथकंडा बताकर खारिज कर दिया




एकता की ओर जाने वाला मार्ग हम में से प्रत्येक व्यक्ति के साथ शुरू होता है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# बनता जा रहा जातिगत जनगणना का दबाव

जातिगत जनगणना के औचित्य पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सकारात्मक रुख से माना जा रहा है कि सरकार इस दिशा में गंभीरता से विचार कर सकती है। हालांकि विपक्षी दलों को इतने भर से संतोष नहीं है। वे चाहते हैं कि संघ और भाजपा इस पर अपना रुख स्पष्ट करें, केवल 'उपदेशात्मक' बात न करें। दरअसल, इस विषय पर फिर से चर्चा इसलिए छिड़ गई है कि केरल के पलक्कड़ में संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय स्वयंसेवक बैठक के अंतिम दिन उसके अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने प्रेस कांफ्रेन्स कर कहा कि जातिगत जनगणना का उपयोग राजनीतिक या चुनावी उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इसका इस्तेमाल पिछड़ रहे समुदायों और जातियों के कल्याण के लिए होना चाहिए।

अभी तक संघ और भाजपा इस मसले पर कुछ भी कहने से बचते आ रहे थे। जातिगत जनगणना का मुद्दा असल में, पिछले कुछ समय से कांग्रेस काफी जोर-शोर से उठा रही है। कर्नाटक चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक में उसने इस पर जोर दिया। राहुल गांधी अपने हर भाषण में यह मुद्दा उठाते देखे जाते हैं। इसलिए कुछ लोगों का मानना है कि भाजपा और आरएसएस को लगने लगा है कि इस विषय में लंबे समय तक चुप्पी साधे रहना नुकसानदेह हो सकता है। इसीलिए वे अब जातिगत जनगणना को उचित बताने लगे हैं।

आरक्षण का मुद्दा पिछले कुछ वर्षों में काफी संवेदनशील हो चुका है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ज्यादातर दल इसका इस्तेमाल अपना जनाधार बढ़ाने, आरक्षण से



वंचित जातियों को अपने पाले में खींचने के मकसद से ही करते रहे हैं। मगर संवैधानिक बाध्यताओं के चलते राज्य सरकारें पचास फीसद की सीमा पार नहीं कर पातीं। कुछ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने भी आरक्षण का दायरा बढ़ा कर उसमें कुछ और जातियों को शामिल किया था। मगर तमाम प्रयोगों के बावजूद आरक्षण को लेकर बहुत सारे समुदायों और जातियों में असंतोष बना हुआ है।

ऐसे में सिद्धांत रूप में यह उपाय निकाला गया कि जातिवार जनगणना होनी चाहिए और जिस जाति की जितनी संख्या हो, उसी आधार पर आरक्षण तय किया जाए। इसके लिए संविधान संशोधन हो। सर्वोच्च न्यायालय ने भी पिछले दिनों व्यवस्था दी कि मलाईदार तबके को आरक्षण की व्यवस्था से बाहर रखा जाना चाहिए और जातियों के भीतर उपजातियों का भी वर्गीकरण होना चाहिए। मगर इस व्यवस्था के विरोध में बहुजन समाज पार्टी ने देशव्यापी आंदोलन कर दिया था।

कोई भी राजनीतिक दल आरक्षण के प्रावधान का सैद्धांतिक रूप से विरोध नहीं कर सकता। अब जिस तरह कांग्रेस ने जातिगत जनगणना को बड़ा मुद्दा बना दिया है, उसमें हर पार्टी को अपना जनाधार संभालने की चिंता पैदा हो गई है। इसलिए यह कहना कि इसका राजनीतिक इस्तेमाल नहीं होना चाहिए, आदर्श वाक्य जैसा हो सकता है। मगर वास्तव में सभी दल इसके जरिए अपना राजनीतिक हित साधने के प्रयास कर रहे हैं। यह तो सही है कि वंचित समुदायों और जातियों को उनकी संख्या के आधार पर वरीयता देकर ही उनके कल्याण की उम्मीद बन सकती है। पर हमारे देश में जिस तरह की जातिगत जटिलताएं हैं, उन्हें सुलझाना आसान काम नहीं है। अगर संघ और भाजपा सचमुच इसके पक्ष में हैं, तो उन्हें जातिगत जनगणना से जुड़ी गुत्थियों को सुलझाने के लिए समन्वित प्रयास करने होंगे। इसमें दूसरे दलों से भी सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा होगी।

# मैप बॉय, 5 साल में छुड़ा देता है अच्छे-अच्छों का पसीना

कहते हैं न पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं. ये कहावत बिहार के गया जिला के रहने वाले पांच साल के रुद्रांस पर सटीक बैठती है. रुद्रांस गया शहर के व्हाइट हाउस के रहने वाले है और उन्हें इस उम्र में मैप बॉय कहा जाने लगा है. इतनी छोटी उम्र में उन्हें 195 देश के नाम, कैपिटल सिटी, करेंसी और नेशनल फ्लैग की जानकारी है. वर्ल्ड मैप पर किसी भी देश की पहचान सेकंड में कर लेते हैं कौन सा देश कहां पर अवस्थित है दो सेकेंड के अंदर बता सकते हैं. उस देश के राष्ट्रीय झंडा का क्या कलर है सारी चीजें रुद्रांस बता सकते हैं. फिलहाल रुद्रांस आरंभिक प्ले स्कूल में सीनियर

**जरा हट के**

केजी के छात्र हैं और उन्हें राज्य राजधानी, वर्ल्ड मैप के अलावा सोलर सिस्टम के बारे में पूरी जानकारी है. प्लूटो को ग्रह क्यों नहीं कहा जाता इस पर रुद्रांस तीन तरह के तर्क देते हैं. वैसे तो रुद्रांस पांच साल के हो गए हैं लेकिन उन्हें दो साल की उम्र से



ही नई-नई चीजें जानने की उत्सुकता थी. घर से स्कूल आने के दौरान होर्डिंग लगे होते हैं उसे वह याद कर लेते हैं. एक तरह से कहा जाय तो रुद्रांस के पास अनोखी शक्ति है जिससे वह एक बार में ही सब कुछ याद कर लेते हैं. रुद्रांश की मां शिल्पी गुप्ता बताती हैं कि रुद्रांस को जिस चीज़ में इंटरेस्ट रहता है उसको वो और जानने की कोशिश करता है. वह नई चीजों को एक्सप्लोर करते रहता है. इंटरनेट और बुक्स के माध्यम से और उसके डेप्थ में जाकर उसके बारे में सब कुछ जानने की इच्छा रखता है. इसी तरह इसने सभी महाद्वीपों, देशों, मुद्राओं और देश के झंडों को याद कर लिया है और अब इसका इंटरेस्ट सोलर सिस्टम, प्लैनेट्स और स्टेरॉइ के तरफ जागा है. इनकी मेमोरी और लॉजिकल स्किल्स अच्छे होने के कारण किसी भी चीज को आसानी से याद कर लेता है, जैसे गायत्री मंत्र, दोहा इत्यादि. रुद्रांश की मां बताती हैं कि वह जब 2 साल का था तब उन्हें पता चला कि इस बच्चे में कुछ अलग खासियत है. वह हर चीज को डेप्थ में जानना चाहता था. घर से स्कूल जाते समय रास्ते में किसी बैनर पोस्टर को देखता था तो उसे याद कर लेता था. इसके बाद हम लोगों ने इन पर विशेष ध्यान दिया और उन्हें हर तरह की पुस्तक उपलब्ध कराना शुरू कर दिया.

# बप्पा को जरूर लगाएं उनकी मनपसंद 5 चीजों का भोग

## प्रसन्न होकर देंगे आशीर्वाद

आखिरकार बप्पा के स्वागत का समय आने ही वाला है। ऐसे में आपने अभी से ही तैयारियां भी शुरू कर दी होंगी। भला कौन नहीं चाहता कि जब बप्पा उनके घर पर पधारें तो उनका स्वागत भव्य तरीके से किया जाए। किसी भी तरह की कसर बाकी ना रह जाए। इन्हीं सब चीजों में से एक जरूरी चीज है बप्पा का भोग। गणेश चतुर्थी पर जब बप्पा आपके घर पधारें तो उन्हें उनकी मनपसंद चीजों का भोग लगाना तो बनता है। तो चलिए जानते हैं बप्पा की पसंदीदा 5 चीजों के बारे में जिन्हें आप बप्पा को भोग लगा सकते हैं।



### मोदक का भोग जरूर लगाएं

भला कौन नहीं जानता कि गणपति बप्पा को मोदक कितने ज्यादा पसंद हैं। ऐसे में गणेश चतुर्थी के मौके पर गणेश जी को भोग में मोदक चढ़ाना सबसे बेस्ट है। ट्रेडिशनल तरीके से तो ये मिठाई नारियल और गुड़ से बनाई जाती है। लेकिन आजकल बहुत अलग-अलग तरह के मोदक भी आ गए हैं। इन्हें गणपति बप्पा के चरणों में चढ़ाया जाता है। ये मिठाई बहुत ही स्वादिष्ट होती है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि इस मिठाई का भोग लगाने से गणपति जी बहुत प्रसन्न होते हैं।

### तिल के लड्डू भी हैं बप्पा के फेवरिट

गणेश चतुर्थी के मौके पर गणपति बप्पा को तिल के लड्डुओं का भी भोग लगाया जाता है। ये लड्डू भी बप्पा को काफी ज्यादा पसंद हैं। गणेश चतुर्थी के खास मौके पर तिल और गुड़ को मिलाकर एक खास तरह से इन लड्डुओं को तैयार किया जाता है, जो खाने में बहुत ही स्वादिष्ट लगते हैं। इसे गणेश जी के चरणों में अर्पित करने के बाद प्रसाद के रूप में भी वितरित किया जाता है।

### खीर का भोग लगाना ना भूलें

गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश को खीर का भी भोग लगाया जाता है। चावल, दूध, चीनी और सूखे मेवे से तैयार की गई मीठी खीर गणेश जी को बहुत पसंद है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि गणेश जी को खीर का भोग लगाने से गणेश जी बहुत प्रसन्न होते हैं और घर में सुख एवं समृद्धि आती है।

### फलों और उनके रस का भी भोग लगाएं

गणेश चतुर्थी के मौके पर बप्पा को ताजे फलों का रस भी अर्पित किया जाता है। आम, अंगूर, अनार, सेब जैसे ताजे फलों के रस गणेश जी को चढ़ाने से वो काफी प्रसन्न होते हैं।

ताजे फलों का रस गणेश जी का एक पारंपरिक भोग है। अगर आप रस नहीं निकाल पाते हैं, तो केला, सेब, अंगूर अनार जैसे फलों को साबुत ही गणेश जी को अर्पित कर सकते हैं। फल या फलों के रस का भोग ताजगी और अच्छे स्वास्थ्य का प्रतीक है।

### बप्पा के चरणों में अर्पित करें पान-सुपारी

पान जिसे तांबूल के नाम से भी जाना जाता है और सुपारी; दोनों ही पूजा-पाठ में बहुत शुभ माने जाते हैं। गणेश चतुर्थी के मौके पर गणपति बप्पा को उनके मनपसंद पकवान का भोग लगाने के बाद, पान और सुपारी जरूर चढ़ाने चाहिए।

# टेस्टी ब्रेड उत्तपम

खाना-खजाना

छोटे बच्चे खाना खाने में बहुत नाटक करते हैं, जिससे अधिकतर पेरेंट्स परेशान रहते हैं. अगर आपका बच्चा भी टिफिन ले जाने में नाटक करता है, तो आप उसके लिए ब्रेकफास्ट में ये खास डिश तैयार कर सकते हैं. आइए जानते हैं इस खास रेसिपी के बारे में. बच्चों को नाश्ता कराना मुश्किलों से भरा काम होता है, क्योंकि बच्चे हर दिन नई डिश की डिमांड करते हैं. ऐसे में आप अपने बच्चों के लिए घर पर टेस्टी ब्रेड उत्तपम बना सकते हैं. यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी काफी अच्छा माना गया है.

### सामग्री :

ब्रेड उत्तपम बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी. जैसे 4 से 5 स्लाइस ब्रेड, दो कप सूजी, दो बड़े चम्मच मैदा, एक कप दही, बारीक कटी एक शिमला मिर्च, दो प्याज बारीक कटे हुए, एक छोटा टमाटर, धनिया पत्ती, कद्दूकस किया अदरक, नमक स्वाद अनुसार और तेल. इन सभी सामग्री का इस्तेमाल कर आप टेस्टी



ब्रेड उत्तपम तैयार कर सकते हैं.

### नॉन स्टिक पैन में करें गर्म

सबसे पहले एक मिक्सर में सूजी, मैदा, दही, ब्रेड के टुकड़े और थोड़ा सा पानी मिलाकर अच्छी तरह पीस लें. इस पेस्ट में अपनी पसंद की सभी सब्जियां मिला दे, कद्दूकस किया हुआ अदरक, बारीक कटी हरी मिर्च, नमक डालकर अच्छी तरह मिला ले. अब एक नॉन स्टिक पैन गर्म करें, उसमें थोड़ा सा तेल डालें, फिर एक चम्मच से बैटर लेकर पैन में फैला दें.

### टमाटर सॉस के साथ दें ये ब्रेड उत्तपम

दोनों तरफ से जब यह सुनहरा हो जाए और अच्छी तरह पक जाए, तो इसे प्लेट में निकालकर ऊपर से बारीक कटी धनिया पत्ती डालकर अपने बच्चों को नाश्ते में दे सकते हैं. आप चाहे तो उनके टिफिन में भी यह टेस्टी ब्रेड उत्तपम पैक कर सकते हैं. इस ब्रेड उत्तपम के साथ आप टमाटर सॉस भी अपने बच्चों को दे सकते हैं, इससे बच्चा बड़े चाव से ब्रेड उत्तपम खाएगा.

# नकली सोना तो नहीं पहन रहे हैं आप?

- ऐसे चेक करें हॉलमार्किंग
- 5 आसान तरीकों से करें पहचान




सोने के गहने और बर्तन अमूमन हर घर में मौजूद रहते हैं. खासकर तीज त्योहारों पर लोग सोने की चीजें खरीदना नहीं भूलते हैं मगर मार्केट में मिलावटी सोना भी आसानी से मिल जाता है. ऐसे में ज्यादातर लोग असली और नकली सोने की पहचान नहीं कर पाते हैं और असली सोने के रेट पर नकली सोना खरीद लाते हैं. हम आपको बताने जा रहे हैं सोना खरीदने के कुछ टिप्स, जिन्हें फॉलो करके आप ना सिर्फ असली और नकली सोने में फर्क समझ सकते हैं, बल्कि ठगी का शिकार होने से भी बच सकते हैं.

### हॉलमार्क देखें

सोना खरीदते समय इस पर लगा हॉलमार्क जरूर चेक कर लें. हॉलमार्क होने का मतलब है कि आपका सोना बिल्कुल असली है और इसमें मिलावट नहीं है. बता दें कि ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) सोने पर हॉलमार्क सर्टिफिकेशन जारी करता है, जिसे सोने की शुद्धता का प्रमाण माना जाता है. वहीं, नकली सोने पर BIS द्वारा जारी किया हुआ हॉलमार्क सर्टिफिकेशन नहीं लगा होता है.

### नाइट्रिक एसिड की मदद लें

सोने की टेस्टिंग करने के लिए आप नाइट्रिक एसिड का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए सोने को हल्का सा स्क्रैच करें. फिर इस पर नाइट्रिक एसिड लगाएं. ऐसे में असली सोने पर नाइट्रिक एसिड का कोई असर नहीं होगा. वहीं नकली सोने पर एसिड लगते ही उसका रंग उतर जाएगा.

### सफेद सिरके का इस्तेमाल करें

सोने की शुद्धता जांचने के लिए आप सफेद सिरके की भी मदद ले सकते हैं. इसके लिए सोने की धातु पर सिरके की कुछ बूंदे डालें. इससे असली सोने का रंग जस का तस रहेगा. वहीं सिरके के संपर्क में आते ही नकली सोना रंग बदलने लगेगा.

### वॉटर टेस्ट करें

पानी की मदद से भी आप असली और नकली सोने की पहचान कर सकते हैं. बता दें कि असली सोना काफी भारी होता है. ऐसे में सोने की धातु को पानी में डुबोएं. अगर आपका गहना असली हुआ तो सोना तुरंत डूब जाएगा. मगर वहीं सोना नकली होने पर ये पानी में तैरने लगता है.

### मैगनेट टेस्ट करें

सोने की पहचान करने के लिए आप मेगनेट टेस्ट भी कर सकते हैं. दरअसल असली सोने में चुंबकीय तत्व मौजूद नहीं होते हैं. ऐसे में सोने के पास मैगनेट रखने से उस पर कोई असर नहीं होगा. लेकिन अगर आपका सोना नकली हुआ तो मैगनेट के नजदीक आते ही सोना मैगनेट की तरफ खिंचने लगेगा. जिससे आप फौरन पता लगा सकते हैं कि सोने में मिलावट की गई है.

# मोबाइल चलाने वाले हो जाएं सावधान!

आज के दौर में मोबाइल प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है. इस डिजिटल दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ने जहां काम आसान कर दिया है, तो वहीं, ये नुकसान का सबब भी बन सकता है. जीवन के बहुत से काम के आलावा मनोरंजन के साधन भी मोबाइल हो चुका है. जहां बड़े बुजुर्गो से लेकर छोटे बच्चे तक मोबाइल के आदि हो चुके हैं.

### मोबाइल के इस्तेमाल से हो सकता है यह रोग

लेकिन क्या आप जानते हैं कि मोबाइल फोन का अत्याधिक इस्तेमाल करने से आपकी सेहत को भारी नुकसान हो सकता है. ये हम आपको बता रहे हैं. यदि आपने अभी ध्यान नहीं दिया तो आपका आने वाला समय बेहद ही पीड़ादायक हो सकता है, तो अभी से सावधान हो जाइए.

बता दें कि मोबाइल फोन से निकलने वाले रेज से यूजर्स की सेहत को भारी नुकसान हो सकता है. जी हां! इसके साथ-साथ आप कई प्रकार की बीमारियों के शिकार हो सकते हैं. मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल से मिर्गी के दौरे आ सकते हैं.

### बच्चों को है ज्यादा खतरा

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक कुलश्रेष्ठ ने बताया कि भारत में प्रति एक हजार लोगों पर 6 लोगों को ये बीमारी है. बच्चों में इसका खतरा अधिक है. इसके आलावा मोबाइल के अत्याधिक इस्तेमाल से दौरे पड़ने की संभावना बढ़ जाती है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन लाभदायी रहेगा। आज कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। लाभ होगा। भाग्य की अनुकूलता रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृषभ :** स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त हो सकती है। लंबे समय से रुके कार्य पूर्ण होने के योग हैं। आज का दिन बड़ा लाभ दिला सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शत्रुओं से सावधानी आवश्यक है। हानि पहुंचाने के प्रयास करेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन :** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त हो सकता है। निवेश में जल्दबाजी न करें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजन हानि पहुंचाने का प्रयत्न करेंगे।

**कर्क :** कोई बड़ी परेशानी आ सकती है। भागदौड़ अधिक होगी। शोक समाचार प्राप्त हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय होगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। बेवजह नकारात्मकता रहेगी। आलस्य हावी रहेगा।

**सिंह :** मित्रों तथा रिश्तेदारों से मुलाकात का अवसर मिलेगा, किसी व्यक्ति का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। वरिष्ठ व्यक्तियों का मार्गदर्शन लाभ में वृद्धि करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**कन्या :** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। आत्मसम्मान बना रहेगा। कोई बड़ा काम तथा बाहर जाने का मन बनेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभदायक रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। धनागम होगा।

**तुला :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। शेयर मार्केट आदि में सोच-समझकर निवेश करें।

**वृश्चिक :** परिवार के साथ जीवन सुखपूर्वक व्यतीत होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्ययवृद्धि होगी। बाहरी विवाद को बढ़ावा न दें। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**धनु :** भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। रुका हुआ पैसा मिलने के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। आशंका-कुशंका रहेगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**मकर :** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। लंबे समय से रुके कार्य पूर्ण होने के योग हैं, प्रयास करते रहें। आर्थिक उन्नति के लिए नई नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ :** आज का पूजा-पाठ वाला दिन रहेगा। नौकरी में काम में मन लगेगा। किसी साधु-संत की सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पार्टनरों से सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन :** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। किसी व्यक्ति के व्यवहार से मन को ठेस पहुंच सकती है। जल्दबाजी न करें। आलस्य हावी रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि हो सकती है। भ्रम की स्थिति बन सकती है। परिवार में विवाद की स्थिति नहीं बनने दें। अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### जिंदा पकड़ो या मुर्दा? नरभक्षी भेड़ियों को पकड़ने के लिए रोडमैप तैयार

**बहराइच.** बहराइच जिले में आतंक मचाने वाले भेड़ियों को पकड़ने के लिए आदेश जारी हो चुका है। नरभक्षी भेड़ियों को पकड़ने के लिए पूरा रोडमैप भी तैयार कर लिया गया है। जल्द ही भेड़िए वन विभाग के शिकंजे में होंगे। बुधवार को बहाइच दौरे पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद और वन राज्यमंत्री अरुण सक्सेना ने भी भेड़ियों को पकड़ने को लेकर अफसरों संग बैठक की। कलेक्ट्रेट में आयोजित इस बैठक में वनमंत्रियों ने अफसरों के साथ भेड़िए के हो रहे हमले पर गहनता से विचार-विमर्श किया। इसके बाद दोनों मंत्रियों ने अफसरों को जिम्मेदारी भी सौंप दी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए वन मंत्री राज्य अरुण सक्सेना ने कहा कि इंसान की कीमत का कोई मोल नहीं है। ऐसे में नरभक्षी भेड़िए को जिंदा या मुर्दा पकड़ने का आदेश जारी कर दिया गया है। जिसके लिए देहरादून से एक्सपर्ट की टीम भी बुलाई गई है।

### बीवी की बेइज्जती का बदला लेने के लिए पिता ने रची साजिश, अपने ही बेटे को नदी में फेंका

**शाहजहांपुर.** शाहजहांपुर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां पड़ोसियों से पत्नी की बेइज्जती का बदला लेने के लिए एक पिता ने अपने ही जिगर के टुकड़े को नदी की रेलिंग से नीचे धक्का दे दिया। फिर थाने जाकर पड़ोसियों के खिलाफ बेटे के अपहरण करने का मुकदमा दर्ज करा दिया। ये घटना सिंधौली थाना क्षेत्र के तिउलक गांव का है। ग्रामीण संजीव और उसके पड़ोसी विवेक के बच्चों के बीच झगड़ा हो गया था। संजीव की पत्नी नन्हीं देवी झगड़े की शिकायत करने गई थी। आरोप है कि वहां उसके साथ मारपीट की गई। यह बात नन्हीं देवी ने घर आकर पति संजीव को बताई। इस पर संजीव ने पड़ोसियों से इस बेइज्जती का बदला लेने की ठानी। सोमवार शाम को छह बजे दवा दिलाकर लौटते समय ग्रामीण ने पांच साल के बेटे गौरव को पुल की रेलिंग से नदी में धक्का दे दिया। इसके बाद थाने जाकर पुलिस को बेटे की अपहरण की सूचना दी। साथ ही पड़ोसियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करा दिया।

### टॉफी लेने गई बच्ची के साथ 70 साल के बुजुर्ग ने की अश्लील हरकत, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सीतापुर.** सीतापुर दुकान पर टॉफ लेने गई 10 साल की बच्ची के साथ एक 70 साल के बुजुर्ग दुकानदार ने अश्लील हरकत कर दी। बुजुर्ग की हरकतों पर कोई नजर रख रहा था। उसने बुजुर्ग की अश्लील हरकते करने का कारनामा अपने मोबाइल में कैद कर लिया। इसके बाद वीडियो को वायरल कर दिया। वायरल वीडियो देख पुलिस हरकत में आई और आरोपी की तलाश में जुट गई। पुलिस ने आरोपी बुजुर्ग को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के मुताबिक पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला ले जाकर अपराधी को जल्दी सजा दिलाई जाएगी। घटना हरगांव थानाक्षेत्र के एक गांव की है। वायरल वीडियो के मुताबिक यहां एक दुकान पर बच्ची खेलते हुए टाफी लेने पहुंची। दुकान को अनवर खां पुत्र अकबर खां देख रहा था। बच्ची ने उससे टाफी कही तो वह दुकान की दूसरी साइड में आया और टाफी पकड़ाकर अश्लील हरकत करने लगा। दिन में हुई इस वारदात को देख लोग सन्नाटे में आ गए।

# विधानसभा चुनावों के लिए बीजेपी की खास रणनीति

- **नए और युवा चेहरों पर लगा सकती है दांव**
- **पीएम मोदी ने की थी अपील**



**नई दिल्ली.** जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होने वाले हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और झारखंड में इस साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव होगा। बीजेपी इन सभी राज्यों के लिए कमर कस चुकी है और खास रणनीति बनाई है।विधानसभा चुनाव में बीजेपी युवा और गैर-राजनीतिक परिवारों के नए चेहरों को टिकट दे सकती है। पीएम मोदी ने पिछले दिनों ऐसी अपील की थी। स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने जातिवाद और वंशवाद की राजनीति को समाप्त करने के लिए राजनीति में नए खून को लाने की आवश्यकता पर जोर दिया था। हालांकि 2014 से ही बीजेपी ने 30-33% मौजूदा उम्मीदवारों को हटाकर नए चेहरों को टिकट देने की प्रथा का पालन किया है, लेकिन महाराष्ट्र और झारखंड वाले राज्यों के नेताओं ने कहा कि अब प्रधानमंत्री के निर्देश का पालन करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

बीजेपी के एक राष्ट्रीय पदाधिकारी ने कहा, ₹महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड जैसे राज्यों में पार्टी में नए लोगों को शामिल करने के प्रधानमंत्री के निर्देश को लागू किया जाएगा।₹ पदाधिकारी ने कहा कि संभावना है कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में पुराने और अनुभवी चेहरे युवा चेहरों से अधिक संख्या में होंगे, जहां 18 सितंबर से चुनाव होने हैं। जम्मू-कश्मीर में जहां एक दशक के बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, पार्टी ने पूर्व उप-मुख्यमंत्री निर्मल सिंह और कविंदर गुप्ता जैसे पुराने नेताओं को टिकट नहीं दिया।

> महाराष्ट्र के एक पदाधिकारी ने कहा, युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक और महिला मोर्चा जैसे विभिन्न मोर्चों के माध्यम से किए गए हमारे आउटरीच कार्य ने हमें ऐसे लोगों से जुड़ने में मदद की जो पेशेवर, उद्यमी और यहां तक कि छात्र भी हैं, जिनका राजनीति से कुछ या बहुत कम संपर्क है। इनमें से कुछ लोग अब विकास के एजेंडे और विकसित भारत अभियान से प्रेरित हैं, हम इनमें से कुछ लोगों को मंच देंगे। बता दें कि 2019 में, बीजेपी ने 288 में से 164 सीटों पर चुनाव लड़ा और 105 पर जीत हासिल की (उसकी तत्कालीन सहयोगी अविभाजित शिवसेना ने 126 सीटों पर चुनाव लड़ा था।)

इसके अलावा, हरियाणा में पांच अक्टूबर को चुनाव होने वाले हैं और यहां बीजेपी 10 साल तक सत्ता में रहने के बाद सत्ता विरोधी लहर का सामना कर रही है। जाति, आरक्षण और शासन में कमी की शिकायतों से जुड़े मुद्दे बीजेपी के लिए चुनौती बनकर उभरा है। जननायक जनता पार्टी के साथ गठबंधन टूटने के बाद, भाजपा के पास राज्य में कोई मजबूत सहयोगी नहीं है। बीजेपी नेता ने बताया कि हरियाणा में नेतृत्व ने संभावित उम्मीदवारों के बारे में कार्यकर्ताओं से फीडबैक मांगा है। जातिगत समीकरणों, आयु समूहों और विभिन्न वर्गों में उनकी लोकप्रियता को देखते हुए सबसे उपयुक्त उम्मीदवारों की सूची तैयार करने के लिए सर्वेक्षण और चर्चाएं की गईं। जल्द ही सूचियों की घोषणा की जाएगी। बीजेपी नेता ने संकेत दिया कि पार्टी विपक्षी गठबंधन के आकार लेने और उम्मीदवारों की सूची की घोषणा का इंतजार कर रही है ताकि वह एक 'मजबूत प्रतिद्वंद्वी' खड़ा कर सके। नए चेहरों को मैदान में उतारने के फैसले से पार्टी को सत्ता विरोधी लहर से निपटने में मदद मिलेगी। नेता ने कहा, ₹हालांकि एक नया सीएम है (इस साल की शुरुआत में मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को लाया गया था), लेकिन विधायकों के एक समूह के खिलाफ जमीन पर नाराजगी है।₹ नेता ने बताया कि 2019 में पार्टी 90 सदस्यीय सदन में बहुमत हासिल करने से चूक गई और उसे सरकार बनाने के लिए जेजेपी पर निर्भर रहना पड़ा। उन्होंने कहा, "पार्टी हर जाति, जाट, ओबीसी और अन्य समुदायों से प्रतिनिधित्व के लिए युवा चेहरों की तलाश में थी।"

# रेसलर विनेश-बजरंग कांग्रेस में शामिल हो रहे

- **राहुल से मिले;**
- **विनेश को हरियाणा की 3, बजरंग को 2 सीटों से चुनाव लड़ने का ऑफर**



**नई दिल्ली.** पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा के बीच उन्होंने दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की। इससे दोनों के चुनाव लड़ने के संकेत मिल रहे हैं। राहुल से मिलने के बाद वे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से भी मिले। उनकी करीब 20 मिनट तक मुलाकात हुई।

विनेश के ताऊ महावीर फोगाट ने कहा- विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया कांग्रेस जॉइन करने के लिए दिल्ली पहुंचे हैं। दोनों कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पार्टी विनेश को 3 और बजरंग को 2 सीटों से चुनाव लड़ने का ऑप्शन दे चुकी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विनेश फोगाट अपने ससुराल जींद के जुलाना या दादरी और बजरंग पूनिया झज्जर के बादली से चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने मंगलवार को कहा था- चुनाव लड़ने का फैसला विनेश फोगाट का होगा। इसे लेकर बुधवार को स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

### विनेश को इन 3 सीटों का ऑफर

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक विनेश फोगाट को जिन 3 सीटों का ऑफर दिया गया है, उनमें पहली 2 सीटें चरखी दादरी की दादरी और बाढड़ा हैं। वे इसी जिले के बलाली गांव की रहने वाली हैं। विनेश अगर दादरी से हामी भरेंगी तो उनका मुकाबला चचेरी बहन दंगल गर्ल बबीता फोगाट से हो सकता है। बबीता यहां से 2019 में **BJP** के टिकट पर चुनाव लड़ी थीं, लेकिन हार गईं। इस बार भी वे टिकट की दावेदार हैं। विनेश को तीसरा ऑप्शन जींद की जुलाना सीट का दिया गया है।

# वायनाड के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहुल गांधी ने दान की एक महीने की तनख्वाह

**वायनाड.** केरल के वायनाड में आई भयानक बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आगे आए हैं। उन्होंने वायानाड के बाढ़ पीड़ितों के लिए अपनी एक महीने की तनख्वाह दान कर दी है। राहुल गांधी ने बुधवार को इस बात की जानकारी देते हुए एक्स पर एक पोस्ट किया जिसमें उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आएं। बता दें राहुल गांधी पिछली लोकसभा में वायनाड से सांसद भी रह चुके हैं। राहुल इस बार के लोकसभा चुनाव में राहुल वायनाड के साथ रायबरेली से भी चुनाव जीते मगर लोकसभा में सदस्यता लेने के दौरान उन्होंने वायनाड की सीट छोड़ दी थी। अब इस सीट पर उपचुनाव कराया जाएगा।

वायनाड की त्रासदी के लिए अपनी तनख्वाह दान करने को लेकर राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में लिखा, ₹वायनाड में हमारे भाई-बहनों ने एक बहुत बड़ी त्रासदी का सामना किया है और उन्हें हमारे समर्थन की जरूरत है ताकि वे अपने नुकसान से उबर सकें। मैंने अपने एक महीने की तनख्वाह बाढ़ पीड़ितों के राहत और पुनर्वास के लिए दान कर दी है। मैं सभी भारतीयों से गुजारिश करता हूं कि जितना हो सके मदद करें क्यों हर छोटी मदद मायने रखती है।

# गडकरी बोले-शिवाजी की प्रतिमा स्टील की होती तो नहीं गिरती

- **सिंधुदुर्ग में 8 महीने पहले बना स्टेच्यू गिरा था**
- **PM, CM-डिप्टी CM माफी मांग चुके**



**नई दिल्ली.** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार (3 सितंबर) को कहा कि अगर छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा बनाने में स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल होता तो वह कभी नहीं गिरती। केंद्रीय मंत्री दिल्ली में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI) के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

गडकरी ने कहा- मैं पिछले तीन सालों से इस बात पर जोर रहा हूं कि समुद्र के आसपास बनी सड़कें, पुलों या किसी तरह के निर्माण में स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। गडकरी ने कार्यक्रम में नेशनल हाईवे, रोड और टनल कंस्ट्रक्शन में आ रही दिक्कतों पर भी बात की। दरअसल, 26 अगस्त को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग स्थित राजकोट किले में 8 महीने पहले बनी शिवाजी की 35 फीट ऊंची प्रतिमा गिर गई थी। पीएम मोदी ने पिछले साल 4 दिसंबर को प्रतिमा का अनावरण किया था।

गडकरी ने कहा, 'जब मैंने (महाराष्ट्र के मंत्री के रूप में) मुंबई में 55 फ्लाईओवर बनाए, तो एक आदमी मुझे घुमाने के लिए ले गया। उसने लोहे की रॉड पर कुछ पाउडर कोटिंग लगाई और कहा कि वे जंग-रोधी हैं, लेकिन उनमें जंग लग रही थी।

अब मुझे लगता है कि समुद्र से 30 किमी के अंदर सभी सड़कों पर स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। मैंने भविष्य में मुंबई के सभी पुलों के लिए स्टेनलेस स्टील इस्तेमाल करने का फैसला लिया है।'

विपक्ष ने शिवाजी की प्रतिमा गिरने का जमकर विरोध किया। इसके बाद PM मोदी को माफी मांगनी पड़ी थी। 27 अगस्त को मोदी ने पालघर में एक प्रोग्राम में कहा, 'हमारे लिए छत्रपति शिवाजी सिर्फ एक महाराजा नहीं हैं। वे पूजनीय हैं। आज मैं छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने नतमस्तक हूं और उनसे क्षमा मांगता हूं।'

## गर्मी की छुट्टियों के दौरान की सैलरी लेने को अंतरात्मा नहीं कहती: SC जज

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना ने मंगलवार को कहा कि मुझे जब गर्मियों की छुट्टियों के दौरान भी सैलरी मिलती है तो मेरी अंतरात्मा के लिए यह मुश्किल वक्त होता है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए उस दौरान की सैलरी निकालना मुश्किल होता है क्योंकि मेरी अंतरात्मा इसे लेकर सहज नहीं होती। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए होता है क्योंकि उस समय के लिए यह सैलरी मिलती है, जब हम अदालत में मुकदमों की सुनवाई के लिए नहीं आते बल्कि छुट्टी पर रहते हैं। उन्होंने एक सिविल जज की ओर से बर्खास्तगी के दौर के वेतन और भत्ते दिए जाने की मांग वाली अर्जी को खारिज करते हुए यह बात कही।

सिविल जज को मध्य प्रदेश सरकार ने बर्खास्त कर दिया था। फिर सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद उन्हें वापस नियुक्ति मिली थी। वहीं नियुक्ति के बाद सिविल जज ने बर्खास्तगी के दिनों की भी सैलरी और अन्य भत्तों की मांग के लिए अदालत में केस दायर कर दिया। उनकी इस अर्जी को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। वहीं बेंच की जज बीवी नागरत्ना ने कहा, 'मुझे गर्मियों के दौरान मिलने वाली छुट्टी को लेकर बड़ा अजीब लगता है। ऐसा इसलिए क्योंकि उस दौरान हम कोई काम नहीं करते।'

# 6 सितंबर को रिलीज नहीं होगी 'इमरजेंसी'



- **बॉम्बे हाईकोर्ट की CBFC को फटकार**
- **कहा- 18 सितंबर तक ऑब्जेक्शन क्लीयर कर फिल्म को सर्टिफिकेट दें**

### बोर्ड 13 सितंबर के पहले ऑब्जेक्शन क्लीयर करे

सुनवाई में कोर्ट ने CBFC को निर्देश दिया कि फिल्म को लेकर जो भी ऑब्जेक्शन हो उसे 13 सितंबर से पहले क्लीयर किया जाए। साथ ही बोर्ड को फटकार लगाते हुए कहा कि किसी फिल्म पर करोड़ों रुपए लगे होते हैं। आप गणपति उत्सव के नाम पर छुट्टी बताकर सर्टिफिकेट संबंधी विषय पर अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते।

### ट्रेलर देखकर कैसे अनुमान लगा सकते हैं: कोर्ट

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि सिख कम्युनिटी ने सिर्फ ट्रेलर देखने के बाद फिल्म को गलत पाया और इसका विरोध करना शुरू कर दिया। ट्रेलर देख के वो कैसे अनुमान लगा सकते हैं ?
बताते चलें कि जबलपुर सिख संगत ने फिल्म और इसके ट्रेलर पर आपत्ति जताते हुए एमपी हाई कोर्ट में इसे बैन करने की अपील की थी।

**मुंबई.** कंगना स्टारर फिल्म 'इमरजेंसी' के मेकर्स जी-स्टूडियोज ने फिल्म की रिलीज और सेंसर सर्टिफिकेट की मांग करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

इस याचिका पर बुधवार 4 सितंबर को जस्टिस बी.पी. कोलाबावाला और फिरदौस पूनीवाला की बेंच में सुनवाई हुई।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि वह CBFC को प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश देने में असमर्थ है, क्योंकि यह एमपी हाईकोर्ट के आदेश का खंडन होगा।

कोर्ट ने यह भी कहा कि वो इतनी जल्दी इस मामले में आदेश पारित नहीं कर सकता। 18 सितंबर तक इस मामले में निर्णय लिया जाएगा और 19 सितंबर को इस मामले में अगली सुनवाई होगी। ऐसे में अब कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' 6 सितंबर को रिलीज नहीं हो पाएगी।

# सचिन सर्जेराव ने शॉटपुट में सिल्वर जीता



- **अब तक भारत 21 मेडल जीत चुका**
- **पैरालिंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

पेरिस पैरालिंपिक का आज सातवां दिन है। बुधवार का पहला मेडल सचिन सरजेराव ने शॉटपुट में दिलाया। उन्होंने 16.32 के स्कोर के साथ एशियन रिकॉर्ड बनाते हुए शॉटपुट की मेंस F-46 कैटेगरी में सिल्वर जीता। भारतीय खिलाड़ी आज एथलेटिक्स, शूटिंग और आर्चरी समेत कई खेलों में हिस्सा लेंगे। भारत ने अब तक 21 मेडल जीत लिए हैं। यह पैरा गेम्स के इतिहास में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारतीय खिलाड़ियों ने छठे दिन मंगलवार को 5 मेडल जीते थे। सभी एथलेटिक्स में आए।

विमेंस 400 मीटर में सबसे पहले दीप्ति जीवांजी ने ब्रॉन्ज जीता। फिर मेंस की F46 कैटेगरी के जैवलिन थ्रो इवेंट में अजीत सिंह ने सिल्वर और सुंदर सिंह गुर्जर ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाया।

वहीं मेंस टी-42 कैटेगरी के हाई जंप इवेंट में शरद कुमार ने सिल्वर और मरियप्पन थांगावेलु ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। हाई जंप में अमेरिका के ईजरा फ्रेच और जैवलिन थ्रो में क्यूबा के गुलेर्मो गोन्जालेज ने गोल्ड मेडल जीता। हाई जंप में भारत के शैलेश कुमार चौथे स्थान पर रहे, जबकि जैवलिन थ्रो में रिंकू ने पांचवें नंबर पर फिनिश किया।

### भारत मेडल टैली में 19वें नंबर पर

भारत अब तक 3 गोल्ड, 8 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज मेडल जीत चुका है। 21 मेडल जीतकर भारत फिलहाल 19वें नंबर पर है। चीन पहले, ब्रिटेन दूसरे और अमेरिका तीसरे नंबर पर है। भारतीय प्लेयर्स ने टोक्यो पैरालिंपिक में 19 मेडल जीते थे।

### जैवलिन थ्रो में गोल्ड जीतने से चूके

मेंस F-46 कैटेगरी में भारत के सुंदर सिंह गुर्जर के नाम 68.60 मीटर दूर जैवलिन फेंकने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। वह 64.96 मीटर दूर ही भाला फेंक सके, जिस कारण उन्हें ब्रॉन्ज मेडल मिला।

# राहुल गांधी को चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस ने दिए 1.40 करोड़

- **राहुल ने अमेठी में कितना किया खर्च**



**नई दिल्ली.** कांग्रेस ने वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए राहुल गांधी को प्रति सीट 70-70 लाख रुपये दिए थे। पार्टी ने चुनाव आयोग को जानकारी दी है। कांग्रेस ने अपने सभी प्रत्याशियों को कुल 145.5 करोड़ रुपये दिए। हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के खिलाफ अभियान के लिए विक्रमादित्य सिंह को 87 लाख रुपये दिए गए थे। हालांकि विक्रमादित्य सिंह चुनाव नहीं जीत पाए।

हाल ही में कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग के समक्ष चुनाव व्यय विवरण साझा किया। इसके अनुसार, कांग्रेस पार्टी ने 24 लोकसभा उम्मीदवारों को 107 करोड़ रुपए दिए। अरुणाचल में अपने विधानसभा चुनाव उम्मीदवारों को 38 लाख रुपये और तमिलनाडु में एक उम्मीदवार को 5 लाख रुपये दिए थे।

वहीं, अमेठी लोकसभा सीट पर गांधी परिवार ने चुनाव नहीं लड़ा , लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा को अपने अभियान के लिए पार्टी से 70 लाख रुपये मिले। यह रकम राहुल गांधी को दी गई रकम के बराबर है। शर्मा ने मौजूदा सांसद और तत्कालीन केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को हराकर लोकसभा चुनाव जीता। बता दें कि भाजपा का अंशकालिक चुनाव व्यय विवरण अभी तक चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है।

### अन्य दलों ने कितना किया खर्च

करीब दो दर्जन राजनीतिक दलों ने 2024 और तीन राज्य विधानसभाओं के लिए आंशिक चुनाव व्यय विवरण दाखिल किया है। सात दलों ने पहले ही अपना पूरा व्यय विवरण प्रस्तुत कर दिया है, इसमें वाईएसआर कांग्रेस पार्टी भी शामिल है जिसने लोकसभा और आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए अपना कुल चुनाव व्यय 328.4 करोड़ रुपये घोषित किया है। वाईएसआर कांग्रेस को आंध्र प्रदेश में केवल 11 विधानसभा सीटें और चार लोकसभा सीटों पर ही जीत मिली।

## बच्ची से 6 लड़कों ने गैंगरेप के बाद वॉट्सएप में डाला वीडियो

- **आरोपियों में दो नाबालिग**
- **सदमे में पीड़िता**

**गुवाहाटी.** असम के चिरांग जिले में 16 साल की एक लड़की के साथ छह युवकों ने कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया। वारदात को अंजाम देने के बाद उन्होंने पीड़िता को आगे ब्लैकमेल करने के लिए घटना का वीडियो बनाया और एक वॉट्सएप ग्रुप पर आपत्तिजनक वीडियो शेयर कर दिया। पुलिस ने कहा कि उन्होंने पीड़ित परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद छह में से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। छह आरोपियों में दो नाबालिग हैं। जबकि, बाकियों की उम्र 20 वर्ष बताई जा रही है।

कथित घटना अगस्त में भारत-भूटान सीमा के पास चिरांग के बेंगटोल इलाके में हुई और प्रारंभिक जांच के अनुसार, छह आरोपियों में से दो नाबालिग हैं। लड़की के परिवार वालों ने बताया कि उसे लड़कों ने धमकी दी थी इसलिए उसने शुरुआत में यह बात किसी को नहीं बताई। परिवार के सदस्यों ने कहा, ₹पीड़िता छोटी है और धमकियों से सदमे में थी। जब उसने हमें यह बात बताई तो लड़कों ने उस पर और दबाव बनाने की कोशिश की।₹

### वॉट्सएप ग्रुप पर डाला आपत्तिजनक वीडियो

पुलिस ने कहा कि हाल ही में एक व्हाट्सएप ग्रुप पर एक आपत्तिजनक वीडियो शेयर किया गया था और संदेह है कि आरोपी वीडियो के जरिए पीड़िता को ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहे थे।

# अब देश की जनता से डरने लगे मोदी

- **सीना फैलाकर पहले की तरह नहीं चलते: राहुल गांधी**

**नई दिल्ली.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज से जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर एक बार फिर तीखा हमला बोला। कांग्रेस लीडर ने कहा कि हमने नरेंद्र मोदी को मानसिक रूप से उड़ा दिया है। उनका आत्मविश्वास ही गायब हो गया। उन्होंने पहले कहा कि जाति जनगणना नहीं होगी। अब आरएसएस के लोग कह रहे हैं कि यह सही बात है। पहले उन्होंने कहा कि लैटरल एंट्री से बाहर के लोगों को सरकार में लाएंगे। थोड़ा सा दबाव डाला तो भाजपा बोली ऐसा नहीं होगा। आप यह समझ लीजिए कि नरेंद्र मोदी अब देश की जनता से डरते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि थोड़ा ही समय बचा है और हम नरेंद्र मोदी एवं भाजपा को सत्ता से हटा देंगे।

उन्होंने कहा कि पहले नरेंद्र मोदी जी सीना फैला कर आते थे, अब ऐसा नहीं है। पहले बड़े-बड़े भाषण देते थे। अब संसद में जाने से पहले संविधान को सिर पर रखा और फिर अंदर गए। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि एक राज्य से उसका दर्जा छीन लिया गया और यूटी बना दिया। हमने तय किया है कि सबसे पहले जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देना है। आपका धन छीना जा रहा है। आपकी जमीन छीनी जा रही है।

**आम सूचना**

मैं श्रीमती निर्मला अनिल त्यागी सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. 5, साईनाथ जनता चाल नं. 2, बैरक नं. 390 के सामने, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 08एओ14775200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती ज्योत्सना नंदलाल सोनी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती निर्मला अनिल त्यागी**

**आम सूचना**

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती नेहा हिरो दुसेजा सभी को सूचित कर रही हूं कि मेरे पति श्री हिरो जवाहरलाल दुसेजा का देहांत 3 जून 2024 को हो गया है. उनके नाम पर टोयोटा इनोवा एमएच डीएस 4950 व सुजूकी एसेस एमएच05 ईई 2690 जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है.

उपरोक्त वाहनों पर अगर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित के 14 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा मेरे श्रीमती नेहा हिरो दुसेजा के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

**श्रीमती नेहा हिरो दुसेजा**
208, इंद्रराज, स्वामी देवप्रकाश गार्डन,
मोहन पुरम के पास, कानसाई सेक्शन, अंबरनाथ ईस्ट.

## संक्षेप...

### भारतीय क्रिकेटर शिवम दुबे का स्वागत

**कल्याण.** यूपी के भदोही जिले के भारतीय क्रिकेट टीम के ऑल राउंडर हरफनमौला खिलाड़ी शिवम दुबे का मुंबई स्थित आवास पर भदोही जिले के ही मूल निवासी कल्याण के समाजसेवक, भवननिर्माता दुबे परिवार की ओर से श्रीगणेश भगवान की मूर्ति भेंट कर स्वागत किया गया.

इस अवसर वरिष्ठ समाजसेवक भवन निर्माता विनय राजू दुबे, आईटी कंपनी के सीएमडी उद्योगपति आनंद दुबे,जयेश दुबे, ख्याति दुबे, पद्धति दुबे,सर्वज्ञ दुबे के साथ परिवार अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

# शरद पवार और बेटी सुप्रिया की राय अलग

- पवार बोले- सीटों के आधार पर CM तय होगा
- सुप्रिया ने कहा- हम रेस में नहीं





शरद बोले- चुनाव के बाद CM पद पर फैसला होगा

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महा विकास अघाड़ी (MVA) में मुख्यमंत्री फेस को लेकर NCP (शरद गुट) की राय बंट गई है। NCP चीफ शरद पवार ने बुधवार (4 सितंबर) को कहा कि MVA चुनाव के बाद सीटों के आधार पर CM का नाम तय करेगी।

दूसरी तरफ, शरद पवार की बेटी और बारामती से NCP सांसद सुप्रिया सुले ने इसके उलट बयान दिया। सुप्रिया ने सोमवार (2 सितंबर) को कहा था कि हमारी पार्टी CM की रेस से बाहर है। हमें किसी पद में रुचि नहीं है। उद्धव ठाकरे या फिर कांग्रेस का कोई नेता CM बन सकता है।

शरद पवार बुधवार को कोल्हापुर में मीडिया से बात कर रहे थे। इस दौरान उनसे CM फेस को लेकर सवाल पूछा गया। शरद पवार ने जवाब में कहा, 'अभी मुख्यमंत्री के चेहरे पर जोर देने का कोई मतलब नहीं है। महा विकास अघाड़ी एक साथ बैठकर मुख्यमंत्री पद पर फैसला करेगी। विधानसभा चुनाव के बाद सीटों की संख्या के आधार पर फैसला होगा कि मुख्यमंत्री कौन होगा। अभी महा विकास अघाड़ी को बहुमत मिलना जरूरी है। लोगों के समर्थन के बाद स्थिर सरकार देना जरूरी है।'

### सुप्रिया बोलीं- हमारे लिए पद नहीं, सेवा मायने की रखती है

सुप्रिया सुले ने 2 सितंबर को एक मीडिया चैनल को दिए इंरव्यू में कहा था, 'हमारे लिए सेवा मायने रखती है। हम पद को महत्व नहीं देते हैं। अगर देश की सेवा करनी है तो आप किस पद पर काम करते हैं, ये मायने नहीं रखता है। मैं बस चाहती हूं कि महाराष्ट्र का CM ऐसा हो जो दिल्ली के सामने न कभी झुका है, न कभी झुकेगा। हमारी पार्टी उस रेस में नहीं है। सुप्रिया से जब पूछा गया कि क्या उद्धव ठाकरे फिर से मुख्यमंत्री बन सकते हैं। इस पर NCP सांसद ने कहा कि कोई भी बन सकता है। उद्धव ठाकरे या कांग्रेस का कोई नेता भी CM बन सकता है।

**नफरत फैलाने वाले भाषण को लेकर**

# विधायक नितेश राणे के खिलाफ मामला दर्ज



**भिवंडी.** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने भाजपा विधायक नितेश राणे के खिलाफ उनके हालिया भाषणों को लेकर मामला दर्ज किया है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर मुसलमानों को 'मस्जिदों में घुसकर मारने' की धमकी दी थी, एक अधिकारी ने बुधवार को कहा।

उन्होंने कहा कि भिवंडी में भोईवाड़ा पुलिस ने मंगलवार को विधायक पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 302 (किसी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से जानबूझकर शब्द आदि कहना) और 351 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया है।

नितेश राणे ने हिंदू संत महंत रामगिरि महाराज के समर्थन में 1 सितंबर को अहमदनगर जिले के श्रीरामपुर और तोपखाना इलाकों में दो सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया, जो पिछले महीने कथित तौर पर इस्लाम और पैगंबर मुहम्मद के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए खबरों में थे।

# डोंबिवली में थोक दवा व्यापारी से 4 लाख की ठगी

- दुबई की दीनार मुद्रा के बदले मिले पेपर के टुकड़े

**कल्याण.** दुबई की दीनार मुद्रा सस्ते में मिलने की लालच में डोंबिवली एमआईडीसी में रहने वाले एक थोक दवा विक्रेता ने 4 लाख रुपये की भारतीय मुद्रा के बदले एक सीलबंद बैग में दीनार मुद्रा ली। इस लेन-देन के बाद दवा विक्रेता ने बैग में देखा तो दीनार मुद्रा के आकार में एक स्क्रैप पेपर बैग मिला। इस धोखाधड़ी को लेकर दवा विक्रेता ने मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है.

दवा कारोबारी की पहचान भूपेन्द्र नारायण बबन सिंह (51) के रूप में की गयी है. वह अपने तीन बच्चों के साथ डोंबिवली एमआईडीसी के सुदामानगर इलाके में रहते हैं। पुलिस ने बताया कि भूपेन्द्र नारायण सिंह के दोस्त रमेश जयसवाल (38, निवासी दवाडी) ने पिछले सप्ताह सिंह को यह बात बताई कि हमारे एक मित्र रामअभिलाख महादेव पटेल (55, निवासी चक्कीनाका, कल्याण) के तीन परिचित हैं। उनके पास दुबई के वित्तीय मामलों से जुड़ी 700 दीनार मुद्रा है। वे ये करेंसी सस्ते में देने को तैयार हैं. वे एक दीनार के 2200 रुपये मांग रहे हैं. भारतीय बाजार में इस दीनार मुद्रा की कुल कीमत 12 लाख है।

भूपेन्द्र नारायण सिंह ने दुबई दीनार मुद्रा सस्ते में उपलब्ध होने के कारण इसे खरीदने की इच्छा व्यक्त की। रमेश जायसवाल, रामअभिलाख पटेल दीनार मुद्रा देने वाले तीन लोगों को सिंह के कार्यालय में लाए।

शुरुआत में सिंह ने तीनों से कहा कि वह चार लाख रुपये में 350 दीनार लेगा. तदनुसार, सिंह ने तीनों व्यक्तियों को निलजे गांव के पास लोधा हेवन में बौद्ध विहार में मिलने के लिए कहा ताकि किसी को दीनार मुद्रा के इस बेनामी लेनदेन के बारे में पता न चले। शनिवार दोपहर 12.30 बजे दवा विक्रेता सिंह, उसके दोस्त रमेश, रामअभिलाख निलजे गांव के पास लोधा हेवन के पास बौद्ध विहार इलाके में गए थे। वहां तीन आदमी हाथ में दीनार मुद्रा की सीलबंद थैलियां लेकर आए। सिंह ने चार लाख रुपये दिए और एक व्यक्ति ने पास में मौजूद दीनार मुद्रा से भरा बैग सिंह को सौंप दिया। इसके बाद वे बिना कुछ कहे तुरंत वहां से चले गए. बाद में जब सिंह वाहन में बैठे, तो उन्होंने सीलबंद बैग खोला और उसके अंदर मुद्रा नोटों के आकार में स्क्रैप पेपर के सीलबंद टुकड़े पाए। सिंह इन पेपर के टुकड़ों को देखकर हैरान रह गए। उसने और उसके दोस्तों ने तुरंत इलाके में तीन लोगों की तलाश की, लेकिन वे भाग चुके थे। सिंह ने मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है.

### कार की चपेट में महिला की मौत

**मुंबई.** मलाड इलाके में बीती रात तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 27 साल की एक महिला की मौत हो गई. आरोपी ड्राइवर घायल महिला को अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मलाड पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, 27 साल की शहाना काजी मेहंदी क्लास लगाकर घर लौट रही थी. एक तेज रफ्तार कार ने शहाना काजी को पीछे से टक्कर मार दी जिसके बाद वह सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतक शहाना के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। फिलहाल पुलिस ने अनुज को गिरफ्तार कर लिया है.

# मुंबई, पुणे, नासिक और ठाणे जिलों की सभी सीटों पर मनसे लड़ेगी चुनाव

- राज ठाकरे का ऐलान

**मुंबई.** आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक पार्टियां जोर-शोर से तैयारी में जुट गई हैं। बैठकों के दौर जारी हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने बुधवार को आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए अपनी पार्टी की बैठक की और मुंबई, पुणे, नासिक और ठाणे जिलों की सभी विधानसभा सीटों पर लड़ने का फैसला किया। बैठक के दौरान मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने अधिकारियों को इन जिलों की सभी सीटों पर तैयारी करने का आदेश दिया। इस बीच मनसे द्वारा कराए गए एक सर्वे से पता चला है कि महाविकास अघाड़ी और महायुति दोनों के खिलाफ जनता में नाराजगी है।

मनसे ने कहा कि इसीलिए वह चारों जिलों पर विशेष ध्यान दे रही है। राज ठाकरे ने यह भी घोषणा की कि यह पार्टी विधानसभा में 225 से 250 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। आज की बैठक में राज ठाकरे ने चारों जिलों के पदाधिकारियों को चुनाव की तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया और कहा कि मनसे किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी, चुनाव अकेले लड़ा जाएगा।

एमवीए में सीएम फेस को लेकर भी आज रिएक्शन आया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद चंद्र पवार ने इस पद के चेहरे को अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कोल्हापुर में कहा कि मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर पहले यह देखना होगा कि किस पार्टी के कितने उम्मीदवार चुनकर आएंगे, उसके बाद संख्या बल के अनुसार फैसला होगा। शरद पवार ने यह भी कहा है कि मुख्यमंत्री पद का फैसला संख्या बल के आधार पर होगा।1977 में सभी एक साथ आये। इसके बाद मुरारजी का नाम सामने आया। शरद पवार ने यह भी कहा कि हमारा लक्ष्य स्थिर सरकार देना है।

# सानपाड़ा में स्पा पर छापा

- तीन महिलाओं को मुक्त कराया

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई के सानपाड़ा में स्थित एक स्पा पर पुलिस ने छापेमारी कर देह व्यापार में धकेली गईं तीन लड़कियों को मुक्त कराया इस बात की जानकारी पुलिस अधिकारी द्वारा दी गयी । अधिकारी के मुताबिक, मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) के अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर सानपाडा इलाके में स्थित स्पा पर छापा मारा। एएचटीसी के वरिष्ठ अधिकारी पृथ्वीराज घोरपडे ने कहा कि वहां काम करने वाली लड़कियों को प्रबंधन देह व्यापार में धकेल रहा था। उन्होंने बताया कि अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम के तहत सानपाडा थाने में एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान राकेश प्रमोद पिंगले (38), नाजिया बंदेनवाज़ शेख (23) और आकाश लालसिंह चौहान (25) के तौर पर हुई है।

# स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट देने के लिए मांगी रिश्वत

- प्राचार्या व लिपिक हिरासत में

**भिवंडी.** भिवंडी स्थित राबिया गर्ल्स हाई स्कूल भिवंडी की प्राचार्या 53 वर्षीय तबस्सुम नियास अहमद मोमीन और उसके साथी तथा स्कूल के लिपिक 33 वर्षीय मोमीन मोहम्मद तलाहा को 3 सितंबर को ठाणे भ्रष्टाचार प्रतिबन्धक विभाग के दस्ते ने दोपहर दो बजे, विद्यालय के कार्यालय में आठ सौ रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है. रिश्वत की 800 रुपए की राशि लिपिक मोमिन ने प्राचार्या तबस्सुम के नाम पर स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर ली थी. ब्यूरो ने पहले लिपिक को रंगे हाथों पकड़ा, फिर इसके बाद हाई स्कूल प्राचार्या तबस्सुम को हिरासत में लिया गया.



ठाणे भ्रष्टाचार प्रतिबन्धक विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता को राबिया गर्ल्स हाई स्कूल भिवंडी से विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र चाहिए था. इसके लिए जब उन्होंने स्कूल के लिपिक मोमीन से विद्यालय में संपर्क किया तब उन्होंने प्राचार्या तबस्सुम के नाम पर स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र जारी करने के लिए एक हजार रुपए की राशि मांगी थी. इसके बाद शिकायतकर्ता ने ठाणे भ्रष्टाचार प्रतिबन्धक विभाग में प्राचार्या तबस्सुम और लिपिक मोमिन के विरुद्ध रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी. जब 3 सितंबर 2024को दोपहर दो बजकर आठ मिनट पर भिवंडी स्थित राबिया गर्ल्स हाई स्कूल कार्यालय में स्कूल लिपिक मोमीन मोहम्मद तलाहा 800 रुपए की रिश्वत शिकायतकर्ता से ले रहा था, एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया. इसके बाद राबिया गर्ल्स हाई स्कूल प्राचार्या तबस्सुम नियास अहमद मोमीन को भी हिरासत में लिया गया.

# पिस्तौल,कारतूस के साथ गिरफ्तार

**भिवंडी.** नारपोली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भिवंडी बायपास स्थित मोदी कंपाउंड में जाल बिछाकर शस्त्र बिक्री करने के लिए राजस्थान से आए शिवपाल रज्जू जाटव (19) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 1लाख 69 हजार 805 रूपये कीमत के 2 पिस्तौल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुआ जो बिक्री के लिए भिवंडी लाया था. नारपोली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है.

### पगड़ी



बड़े ही दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि

**श्री अर्जनदास तखतमल लहरानी**

का निधन 2 सितंबर 2024 को हो गया है। जिनकी पगड़ी रस्म आज गुरुवार 5 सितंबर 2024 को शाम 5 से 5.30 बजे तक स्वामी टेऊंराम सिंधी धर्मशाला, स्वामी शांति प्रकाश आश्रम के सामने, दूध नाका, उल्हासनगर-5 में होगी।

जनाना-मर्दाना एक ही स्थान पर होगी।

**सेवा में:-**

विनोद व दिनेश लहरानी (पुत्र),

लहरानी परिवार व बिरादरी।

# भिवंडी की 3 विधानसभा में बढ़े 45 हजार 254 वोटर

▸▸ उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** आगामी विधानसभा के मद्देनजर चुनाव आयोग एक बार फिर मतदाता सूचियों का निरीक्षण कर रहा है और नए मतदाता पंजीकरण के साथ नाम हटाने और नाम सुधारने की सभी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद 30 अगस्त को सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियां जारी की है. भिवंडी लोकसभा अंतर्गत 3 विधानसभा मतदार संघ भिवंडी पूर्व, भिवंडी पश्चिम और भिवंडी ग्रामीण में कुल 45 हजार 254 मतदाताओं की वृद्धि हुई है.मतदाताओं में हुई वृद्धि से मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 29 हो गयी है.

गौरतलब हो कि, लोकसभा चुनाव के दौरान कई जगहों पर वोटर लिस्ट में नाम नहीं होने का मामला चुनाव आयोग के समक्ष आया था. मतदाता सूची में अनेकों लोगों के नाम छूट जाने से खासकर युवा वोटरों में चुनावी मशीनरी के खिलाफ नाराजगी देखी गई थी.



वोटरों की तमाम शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए चुनाव आयोग ने एक विशेष कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के नाम बढ़ाने, कम करने और उसमें सुधार करने की प्रक्रिया शुरू की थी.मतदाता सूची में संशोधन के बाद नई मतदाता सूचियां प्रकाशित की गई हैं. नई मतदाता सूची में भिवंडी ग्रामीण में 7,389, भिवंडी पश्चिम में 18,418 और भिवंडी पूर्व में सर्वाधिक 19,447 मतदाता संख्या में इजाफा हुआ है.नए मतदाताओं में सर्वाधिक 23,585 महिला, 21,629 पुरुष और 40 अन्य मतदाता का समावेश है. मतदाता सूची के आंकड़ों के अनुसार, भिवंडी की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 45 हजार 254 मतदाताओं की वृद्धि हुई है. भिवंडी ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 3 लाख 31 हजार 367 है.विधानसभा क्षेत्र में महिला वोटर 1,59,785, पुरुष वोटर 1,71,570 पुरुष और अन्य 12 मतदाता है. भिवंडी पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3 लाख 55 हजार 557 में महिला 1,47,916 एवम 2,07,458 पुरुष और अन्य 183 मतदाता हैं. भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में कुल 3 लाख 23 हजार 377 मतदाता में महिला वोटर 1,37,747 पुरुष वोटर 1,85,473 सहित अन्य 157 मतदाता के नाम शामिल हैं.


www.ulhasvikas.com

उल्हास वि NEWS

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now

/ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas


# 'महिलाओं की सुरक्षा इंडस्ट्री का मुद्दा नहीं'

- एकता कपूर ने कहा- रिपोर्ट आएगी, लोग पढ़ेंगे, लेकिन एक्शन खुद महिलाओं को लेना होगा



फिल्ममेकर एकता कपूर ने अब वर्कप्लेस पर वुमन सेफ्टी के मुद्दे पर अपनी राय रखी है। अपनी अपकमिंग फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर एकता ने हेमा कमेटी की रिपोर्ट पर भी बयान दिया।

फिल्ममेकर ने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री तक ही सीमित नहीं है बल्कि वर्क प्लेस पर मौजूद हर महिला तक फैला हुआ है। इवेंट में मौजूद डायरेक्टर हंसल मेहता ने कहा कि अब समय आ गया है कि पुरुष महिलाओं की सुरक्षा और समानता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी लें।

### बहुत सारी महिलाओं को लीड करना होगा: एकता

'द बकिंघम मर्डर्स' की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने कहा, 'महिलाओं की सुरक्षा सिर्फ इंडस्ट्री का मुद्दा नहीं है। यह हर उस महिला से जुड़ा हुआ है वर्क प्लेस पर मौजूद है और हम इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हैं। और जैसा कि मैंने कहा, 'अब बहुत सारी महिलाओं को लीड करना होगा ताकि बहुत सारी अन्य महिलाएं भी इसमें शामिल हो





Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel

उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा



उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA

www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)

25Lakhs THANK YOU Viewer's

25,00,000

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now

Thank you

| | |
|---|---|
| Pageviews yesterday | 2,763 |
| Pageviews last month | 76,471 |
| Pageviews all time history | 1,007,712 |
| Followers | 168 |


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099